# Computer Proficiency Certification Test

**Notations :**

1.Options shown in green color and with ✔ icon are correct.

2.Options shown in red color and with ✖ icon are incorrect.

| | |
|---|---|
| **Question Paper Name:** | inscript 31st May Shift 1 |
| **Subject Name:** | Inscript |
| **Creation Date:** | 2016-06-01 12:47:39 |
| **Duration:** | 25 |
| **Calculator:** | None |
| **Magnifying Glass Required?:** | No |
| **Ruler Required?:** | No |
| **Eraser Required?:** | No |
| **Scratch Pad Required?:** | No |
| **Rough Sketch/Notepad Required?:** | No |
| **Protractor Required?:** | No |

Mock

| | |
|---|---|
| Group Number : | 1 |
| Group Id : | 58322417 |
| Group Maximum Duration : | 10 |
| Group Minimum Duration : | 10 |
| Revisit allowed for view? : | No |
| Revisit allowed for edit? : | No |
| Break time: | 1 |
| Mandatory Break time: | Yes |
| Group Marks: | 0 |

Hindi Typing Test

| | |
|---|---|
| Section Id : | 58322433 |
| Section Number : | 1 |
| Section type : | Typing Test |
| Mandatory or Optional: | Mandatory |
| Number of Questions: | 1 |
| Number of Questions to be attempted: | 1 |
| Section Marks: | 0 |
| Display Number Panel: | Yes |
| Group All Questions: | No |

| | |
|---|---|
| Sub-Section Number: | 1 |
| Sub-Section Id: | 58322433 |
| Question Shuffling Allowed : | No |

**Question Number : 1 Question Id : 583224321 Question Type : TYPING TEST Display Question Number : Yes**

बहुत समय पहले की बात है हिमालय के जंगलो में एक बहुत ताकतवर शेर रहता था। एक दिन उसने बारासिंघे का शिकार किया और खाने के बाद अपनी गुफा को लौटने लगा। अभी उसने चलना शुरू ही किया था कि एक सियार उसके सामने दंडवत करता हुआ उसके गुणगान करने लगा।

**Restricted/ Unrestricted:** Unrestricted
**Paragraph Display:** Yes
**Evaluation Mode:** Non Standard
**Keyboard Layout:** Inscript

Actual

| | |
|---|---|
| Group Number : | 2 |
| Group Id : | 58322418 |
| Group Maximum Duration : | 15 |
| Group Minimum Duration : | 15 |
| Revisit allowed for view? : | No |
| Revisit allowed for edit? : | No |
| Break time: | 0 |
| Mandatory Break time: | No |
| Group Marks: | 0 |

Hindi Typing Test

| | |
|---|---|
| Section Id : | 58322434 |
| Section Number : | 1 |
| Section type : | Typing Test |
| Mandatory or Optional: | Mandatory |
| Number of Questions: | 1 |
| Number of Questions to be attempted: | 1 |
| Section Marks: | 0 |
| Display Number Panel: | Yes |
| Group All Questions: | No |

| | |
|---|---|
| Sub-Section Number: | 1 |
| Sub-Section Id: | 58322434 |
| Question Shuffling Allowed : | No |

**Question Number : 2 Question Id : 583224322 Question Type : TYPING TEST Display Question Number : Yes**

पक्का दो कोस रास्ता पैदल चलकर स्कूल में पढने जाया करता हूं। मैं अकेला नहीं हूं, दस–बारह जने हैं। जिनके घर देहात में हैं, उनके लडकों को अस्सी प्रतिशत इसी प्रकार विद्या–लाभ करना पडता है। अत: लाभ के अंकों में अन्त तक बिल्कुल शून्य न पडने पर भी जो पडता है, उसका हिसाब लगाने के लिए इन कुछेक बातों पर विचार कर लेना काफी होगा कि, जिन लडकों को सबेरे आठ बजे के भीतर ही बाहर निकल कर आने–जाने में चार कोस का रास्ता तय करना पडता है, चार कोस के माने आठ मील नहीं, उससे भी बहुत ज्यादा। बरसात के दिनों में सिर पर बादलों का पानी और पांवों के नीचे घुटनों तक कीचड के बदले धूप के समुद्र में तैरते हुए स्कूल और घर आना–जाना पडता है, उन अभागे बालकों को मां–सरस्वती प्रसन्न होकर वर दें कि, उनके कष्टों को देखकर वे कहीं अपना मुंह दिखाने की बात भी नहीं सोच पातीं। तदुपरान्त यह कृतविद्य बालकों का दल बडा होकर एक दिन गांव में ही बैठे या भूख की आग बुझाने के लिए कहीं अन्यत्र चला जाय, उनके चार कोस तक पैदल आने जाने की विद्या का तेज आत्म–प्रकाश करेगा–ही–करेगा। कई लोगों को कहते सुना है, 'अच्छा, जिन्हें भूख की आग है, उनकी बात भले ही छोड दी जाए, परन्तु जिन्हें वह आग नहीं है, वैसे सब भले आदमी (जाने किस गांव के लडके की डायरी से उद्धृत। उनका असली नाम जानने की किसी को आवश्यकता नहीं, निषेध भी है। चालू नाम तो रख लीजिये – न्याडा – जिसके केश मुडे हों।) किस सुख के लिए गांव छोडकर जाते हैं, उनके रहने पर तो गांव की ऐसी दुर्दशा नहीं होती।' मलेरिया की बात नहीं छेडता। उसे रहने दो, परन्तु इन चार कोस तक पैदल चलने की आग में कितने भद्र लोग बाल–बच्चों को लेकर गांव छोडकर शहर चले गए हैं, उनकी कोई संख्या नहीं है। इसके बाद एक दिन बाल–बच्चों का पढना–लिखना भी समाप्त हो जाता है, तब फिर शहर की सुख सुविधा में रुचि लेकर वे लोग गांव में लौटकर नहीं आ पाते परन्तु रहने दो इन सब व्यर्थ बातों को। स्कूल जाता हूं – दो कोस के बीच ऐसे ही दो–तीन गांव पार करने पडते हैं। किसके बाग में आम पकने शुरू हुए हैं, किस जंगल में करौंदे काफी लगे हैं, किसके पेड पर कटहल पकने को हैं, किसके अमृतवान केले की गहर करने वाली ही है, किसके घर के सामने वाली झाडी में अनन्नास का फल रंग बदल रहा है, किसकी पोखर के किनारे वाले खजूर के पेड से खजूर तोडकर खाने से पकडे जाने की संभावना कम है, इन सब खबरों को लेने में समय चला जाता है, परन्तु जो वास्तविक विद्या है, कमस्फट्का की राजधानी का क्या नाम है एवं साइबेरिया की खान में चांदी मिलती है या सोना मिलता है – यह सब आवश्यक तथ्य जानने की तनिक भी फुरसत नहीं मिलती।

**Restricted/ Unrestricted:** Unrestricted
**Paragraph Display:** Yes

**Evaluation Mode:** Non Standard
**Keyboard Layout:** Inscript